**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 26.05.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. अवैध घुसपैठ और जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के अध्ययन के लिए केन्द्र सरकार ने न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नवलकर की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति गठित की।
2. गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली के जनजातीय सांस्कृतिक समागम में कहा कि यह आयोजन जनजातीय परम्पराओं और सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान देगा।
3. विश्व पर्यावरण दिवस पर भारतीय प्राणी सर्वेक्षण राजधानी श्री विजयपुरम में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करेगा।
4. उत्तर एवं मध्य अंडमान पुलिस ने मायाबंदर जेट्टी से अवैध गांजे के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

<><><><><><><>

केंद्र सरकार ने अवैध घुसपैठ और अन्य असामान्य कारणों से देश में हो रहे जनसांख्यिकीय बदलावों के अध्ययन तथा उनसे निपटने के उपाय सुझाने के लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। यह समिति सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नवलकर की अध्यक्षता में गठित की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'हाई–पावर्ड डेमोग्राफी मिशन' की घोषणा की थी। इसके बाद पिछले वर्ष ही 11 सितंबर को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। समिति में जनगणना आयुक्त के अलावा सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी दुर्गा शंकर मिश्रा, सेवानिवृत्त आई पी एस अधिकारी बालाजी श्रीवास्तव और अर्थशास्त्री डॉ. शामिका रवि सदस्य के रूप में शामिल हैं। गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव (विदेशी–1) समिति के सदस्य सचिव होंगे। समिति एक वर्ष के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। आवश्यकता पड़ने पर इसके कार्यकाल को छह महीने तक बढ़ाया जा सकेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि अवैध घुसपैठ और उससे होने वाला अस्वाभाविक जनसांख्यिकीय परिवर्तन देश के वर्तमान और भविष्य के लिए एक बड़ी चुनौती है।

<><><><><><><>

दिल्ली के लाल किला मैदान में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के अवसर पर जनजाति सांस्कृतिक समागम का भव्य आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक समागम में अंडमान निकोबार द्वीप समूह से भी एक विशेष प्रतिनिधिमंडल कार्यक्रम में शामिल हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह समागम जनजातियों के महाकुंभ के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन आने वाले वर्षों में जनजातीय अस्तित्व, अस्मिता और संस्कृति को नई पहचान देगा। गृह मंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा के जल, जंगल और जमीन संरक्षण के प्रयासों को सार्वभौमिक बताते हुए प्रकृति पूजा को सनातन संस्कृति का मूल आधार बताया। जनजातीय सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक गणेश राम भगत, राष्ट्रीय सह संयोजक डॉ. राज किशोर हांसदा, हर्ष चौहान, तेची गुबिन, बुधरी ताती, जनजातीय आयोग के सलाहकार एवं पूर्व न्यायाधीश प्रकाश उइके तथा वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन ने ईद–उल–जुहा के अवसर पर घोषित सार्वजनिक अवकाश की तिथि में परिवर्तन किया है। अब 27 मई के स्थान पर 28 मई को प्रशासन के अधीन सभी सरकारी कार्यालयों, स्वायत्त निकायों, सार्वजनिक उपक्रमों तथा शिक्षण संस्थानों में अवकाश रहेगा।

<><><><><><><>

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के अंडमान एवं निकोबार क्षेत्रीय केंद्र, श्री विजयापुरम स्थित द्वीपीय जैव विविधता ई आई ए सी पी केंद्र द्वारा जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की थीम प्रकृति से प्रेरणा — जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिएहै। वर्ष 2026 में इसकी मेज़बानी अज़रबैजान गणराज्य कर रहा है। इस वर्ष की थीम में जलवायु कार्रवाई को केंद्र में रखते हुए प्रकृति के साथ मानवता के संबंधों की पुनर्स्थापना पर बल दिया गया है। इस अवसर पर केंद्र ने विद्यार्थियों, शिक्षकों, शोधार्थियों और आमजन को कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। सभी कार्यक्रम भारतीय प्राणी सर्वेक्षण, हैड्डो, श्री विजयपुरम में होंगे।

<><><><><><><>

शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए मुख्यभूमि के विभिन्न संस्थानों में अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के विद्यार्थियों के लिए आरक्षित सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। वर्ष 2026–27 के लिए प्राप्त होने वाली संभावित सीटों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें उत्तर प्रदेश के लखनऊ स्थित के.जी. डेंटल कॉलेज में बी डी एस पाठ्यक्रम की सीटें भी शामिल हैं। पात्र विद्यार्थी निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

दूरदर्शन केन्द्र श्री विजयपुरम कल शाम साढ़े पांच बजे 'पेट टॉक– बियॉन्ड द बॉन्ड' शीर्षक से एक लाइव फोन–इन कार्यक्रम का प्रसारण करेगा। कार्यक्रम का विषय "बदलती जलवायु में पशुधन की स्वास्थ्य देखभाल" रखा गया है। कार्यक्रम में डॉ. संजली सोरेंन विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहेंगी। डॉ. सोरेन वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी हैं तथा पशु चिकित्सा औषधालय, पोर्ट माउट और एलीफेंट प्वाइंट की प्रभारी हैं। वे स्टूडियो में दर्शकों के सवालों के जवाब भी देंगी। दर्शक इस लाइव फोन–इन कार्यक्रम में फोन नंबर 244745 या 245662 पर कॉल कर सकते हैं।

<><><><><><><>

उत्तर एवं मध्य अंडमान जिला पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मायाबंदर जेट्टी पर लगभग एक किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 25 मई को एमवी नालंदा से कोलकाता से मायाबंदर पहुंच रहे एक यात्री की जांच करने पर उसके सूटकेस से लगभग एक किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने मादक पदार्थ को जब्त कर संबंधित व्यक्ति को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया।

<><><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जुलाई 2026 शैक्षणिक सत्र के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय की ओर से प्रमाणपत्र, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं। प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 जुलाई तक किए जा सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र श्री विजयपुरम से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस ने विभिन्न ग्रुप 'बी' (अराजपत्रित) और ग्रुप 'सी' पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब अभ्यर्थी 10 जून की देर रात तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

<><><><><><><>

अंडमान लॉ कॉलेज ने शैक्षणिक वर्ष 2026–27 के लिए बी.ए.–एल एल.बी. पाठ्यक्रम में अध्यापन कार्य हेतु अतिथि संकाय के पैनल गठन के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह नियुक्ति आवश्यकता के अनुसार "जब भी आवश्यक हो" के आधार पर की जाएगी। विस्तृत जानकारी अंडमान लॉ कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार रोइंग संघ द्वारा अध्यक्ष टी.एस.जी. भास्कर ने कल कार्बाइन्स कोव तट का दौरा कर एशियन बीच स्प्रिंट चौंपियनशिप 2026 के लिए भारतीय टीम के चयन हेतु चल रहे चयन ट्रायल की जानकारी ली। यह चौंपियनशिप जून 2026 में थाईलैंड के पटाया में आयोजित होगी। इस दौरान उनके साथ रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष बालाजी मरदापा भी मौजूद रहे। वे राष्ट्रीय चयन ट्रायल की निगरानी के लिए आधिकारिक दौरे पर अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह पहुंचे हैं। दौरे के दौरान दोनों पदाधिकारियों ने साई प्रशिक्षकों, देश के विभिन्न हिस्सों से आए राष्ट्रीय स्तर के रोवर्स तथा चयन ट्रायल में भाग ले रहे अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के खिलाड़ियों से बातचीत की।

<><><><><><><>